# तीस जनवरी तक चलेगा 'आपरेशन रक्षा'

संदेश वाहक न्यूज

**श्रावस्ती।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित विशेष अभियान 'आपरेशन रक्षा' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक विस्तृत गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चलाए गए 09 विशेष अभियानों में 'आपरेशन रक्षा' एक अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटरों, मसाज पार्लरों,




होटलों, ढाबों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर मानव तस्करी कर लाई गई महिलाओं एवं बालिकाओं की पहचान कर उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू करना है। साथ ही ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि 16 जनवरी से 30 जनवरी तक संचालित होने वाले 15 दिवसीय 'आपरेशन रक्षा' के दौरान सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहकर निरंतर चेकिंग अभियान चलाएं। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि अभियान के दौरान एसएसबी एवं जनपद पुलिस के मध्य समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्यवाही की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की चूक न हो। साथ ही प्रत्येक दिवस की प्रगति रिपोर्ट संकलित कर समयबद्ध रूप से संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की जाए। गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि 'आपरेशन रक्षा' को केवल औपचारिकता न बनाते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराधों पर अंकुश लग सके और महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।